27

# कथन एवं तर्क

*किसी भी विषय से सम्बन्धित दी गई किसी जानकारी को कथन (Statement) कहते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से परिकल्पित ऐसा तथ्य, जो किसी कथन के सम्भावित परिणामों को दर्शाता है, तर्क (Argument) कहलाता है।*

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों के दो भाग होते हैं, 'कथन और तर्क'। सर्वप्रथम, प्रश्न में एक कथन दिया होता है, इसके बाद दो या दो से अधिक तर्क दिए जाते हैं। ये तर्क सकारात्मक या नकारात्मक दोनों प्रकार के हो सकते हैं।

सामान्यत: कथन एक प्रस्तावित कार्यवाही के रूप में होता है तथा दिए गए दोनों तर्कों में से एक तर्क प्रस्तावित कार्यवाही का धनात्मक परिणाम होता है, जो कथन से ठोस रूप में सीधे सम्बन्ध रखता है और यह कथन के आगामी उपाय एवं स्थिति को दर्शाता है। इस तर्क को **प्रबल या ठोस तर्क** कहते हैं। दूसरा तर्क प्रस्तावित कार्यवाही के ऋणात्मक परिणाम को दर्शाता है अर्थात् यह कथन से सीधे सम्बन्ध नहीं रखता है और यह कथन के आगामी उपाय एवं स्थिति को नहीं दर्शाता है। इस तर्क को **निर्बल या कमजोर** तर्क कहते हैं।

आपको प्रश्न में दिए गए कथन और तर्कों पर विचार करते हुए यह निर्णय करना होता है कि दिए गए कथन के पक्ष या विपक्ष में दिए गए तर्कों में से कौन-सा तर्क प्रबल (ठोस) है। इन प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थियों की तर्क-वितर्क की क्षमता की जाँच करना है। प्रश्नों के माध्यम से यह तय किया जाता है कि कौन-सा तर्क प्रबल (ठोस) तथा कौन-सा निर्बल है।

*कथन एवं तर्क से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने से पहले निम्न नियमों को ध्यान में रखना आवश्यक है*

- यदि दिया गया तर्क स्पष्ट रूप से कथन से सम्बन्धित हो, तो वह प्रबल तर्क होगा।
- यदि दिया गया तर्क सलाह अथवा निदान से सम्बन्धित हो तथा वह कथन से सीधा सम्बन्ध रखता हो, तो वह प्रबल तर्क होगा।
- प्रबल तर्क प्रश्नसूचक नहीं होते हैं।
- प्रबल तर्क वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित व स्पष्ट अर्थ वाले होते हैं, जबकि निर्बल तर्क तथ्यविहीन व अस्पष्ट अर्थ वाले होते हैं।
- निर्बल तर्क तुलनात्मक, द्विअर्थी, अस्पष्ट व कल्पना पर आधारित होते हैं।
- कथन का दोहराव तर्क को निर्बल बनाता है।

**निर्देश** (उदाहरण सं. 1-5) *दिए गए प्रश्नों में कथन के बाद कुछ तर्क दिए गए हैं। कथन के आधार पर कौन-सा तर्क प्रबल है, उसी के अनुसार उत्तर विकल्प का चयन कीजिए।*

**उदाहरण 1. कथन** क्या टीवी के नाटकों पर रोक लगाई जानी चाहिए? **[RRB (Group D) 2018]**

**तर्क** I. हाँ, वे जीवन परिस्थितियों में बहुत नकारात्मक दृष्टिकोण दिखाते हैं, जो समाज के कुछ सम्प्रदाय को उसी व्यवहार की नकल करने के लिए प्रभावित कर रहे हैं।

II. नहीं, यह वृद्ध लोगों के लिए अच्छा दिलचस्प मनोरंजन है।

(a) केवल तर्क II मजबूत है
(b) न तो I और न ही II मजबूत है
(c) केवल तर्क I मजबूत है
(d) I और II दोनों मजबूत हैं

**हल** (a) टीवी पर नाटकों के प्रसारण का एकमात्र उद्देश्य व्यक्तियों का मनोरंजन है। अत: केवल तर्क II मजबूत है।

**उदाहरण 2. कथन** क्या विजयंत को प्रबन्धक प्रशिक्षु के रूप में ABC लिमिटेड में सम्मिलित होना चाहिए? **[UPSSSC 2018]**

**तर्क** I. हाँ, विजयंत को तुरन्त नौकरी की जरूरत है और यह उसकी योग्यता और अनुभव के अनुसार सबसे अच्छा कार्य है।

II. नहीं, इस कार्य में अधिक यात्रा करनी होती है।

(a) केवल तर्क I प्रभावशाली है
(b) केवल तर्क II प्रभावशाली है
(c) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है
(d) तर्क I और II दोनों प्रभावशाली हैं

**हल** (a) प्रश्नानुसार, केवल तर्क I प्रभावशाली है, क्योंकि वह प्रबन्धक प्रशिक्षु के रूप में ABC लिमिटेड में शामिल होकर अपनी योग्यता और अनुभव को और अधिक अच्छा कर सकता है।

**उदाहरण 3. कथन** क्या न्यायपालिका और पुलिस में त्वरित सुधार करने चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, इससे शीघ्र न्याय मिलेगा और समाज पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

II. नहीं, और भी मुद्दे हैं, जिनको उच्च प्राथमिकता देनी है। **[MPPSC 2015]**

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है
(d) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं

**हल** (a) न्यायपालिका और पुलिस में त्वरित सुधार करने से किसी भी व्यक्ति को शीघ्र ही न्याय मिलेगा। जिसके फलस्वरूप समाज पर इसका एक अच्छा प्रभाव पड़ेगा। अत: केवल तर्क I प्रबल है।

**उदाहरण 4. कथन** क्या भारत के प्रत्येक परिवार से कम-से-कम एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए?

**तर्क** I. हाँ, भारत में गरीबी उन्मूलन का यही एक तरीका है।

II. हाँ, इससे अल्प सुविधा प्राप्त वर्ग की आर्थिक स्थिति में काफी ज्यादा सुधार आएगा।

III. नहीं, बहुत-से परिवारों की आय वैसे ही काफी ज्यादा है, इसलिए ऐसे परिवारों को ऐसी योजना के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए।

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) केवल तर्क III प्रबल है
(d) तर्क II और III दोनों प्रबल हैं

हल (d) तर्क II और III दोनों प्रबल हैं। गरीबी को दूर करने के ओर भी कई तरीके हैं। यदि सरकार, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देगी, तो वह इसके लायक हो भी या नहीं भी हो सकता है। अतः तर्क I प्रबल नहीं है, परन्तु ऐसी परियोजनाओं से अन्य सुविधा प्राप्त वर्ग की आर्थिक स्थितियों में सुधार अवश्य आ जाएगा। जिन परिवारों की आय अधिक है, तो उन परिवारों को ऐसी परियोजनाओं से कोई लाभ नहीं होगा। उनको ऐसी योजनाओं के दायरे से बाहर रखना चाहिए।

**उदाहरण 5. कथन** खतरे को ध्यान में रखते हुए सरकार के उच्च अधिकारी के दौरे के लिए पुलिस प्राधिकरण ने सभी इलाकों को पूरे दिन घेरे रखा और सभी वाहनों की आवाजाही को रोक दिया और इलाके के सभी निवासियों को अपने-अपने घर से बाहर आने-जाने को सीमित रखने की सलाह दी। क्या पुलिस प्राधिकरण द्वारा उठाया गया यह कदम उचित है?

तर्क

(a) हाँ, क्योंकि उच्च अधिकारी हमारे देश के लिए महत्त्वपूर्ण व्यक्ति है
(b) नहीं, लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा
(c) नहीं, क्योंकि नागरिकों का समय और पैसा ज्यादा व्यय हुआ
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

हल (a) दिए गए कथन के अनुसार, विकल्प (a) पूर्णरूप से सही है, क्योंकि उच्च अधिकारी हमारे देश का महत्त्वपूर्ण व्यक्ति होता है।

# प्रैक्टिस सेट

**निर्देश** (प्र. सं. 1-22) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो तर्क दिए गए हैं जिन्हें I और II क्रमांक दिया गया है। आपको यह तय करना है कि इनमें से कौन-सा तर्क 'प्रबल' तर्क है?*

उत्तर दीजिए

(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) न तो तर्क I और न ही II प्रबल है
(d) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं

**1. कथन** क्या आपको तब तक कड़ी मेहनत करनी चाहिए जब तक आप अपने हस्ताक्षर को ऑटोग्राफ में नहीं बदल देते हैं? **[RRB (ALP) 2018]**
तर्क
I. तब तक मेहनत करें जब तक आप उस स्थिति पर नहीं पहुँच जाते, जिससे आपको किसी को अपना परिचय देने की आवश्यकता नहीं है।
II. आर्थिक रूप से सुरक्षित बनने के लिए कड़ी मेहनत करें।

**2. कथन** मच्छरों के उत्पन्न होने से बचने का उपाय क्या है?
तर्क **[RRB (Group D) 2018]**
I. हमें गन्दे और रुके पानी को हटा देना चाहिए। हमें मच्छर प्रतिरोध तथा अन्य गैजेट्स का उपयोग मच्छरों के काटने से बचने के लिए करना चाहिए।
II. मच्छरों को खत्म करने का कोई उपाय नहीं है। वे एक खास मौसम में उत्पन्न होते हैं। हमें केवल रोकथाम की व्यवस्था करनी चाहिए।

**3. कथन** क्या भारत में सात सितारा होटलों पर प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिए।
तर्क **[RRB (Group D) 2018]**
I. हाँ, अन्तर्राष्ट्रीय अपराधी सात सितारा होटलों से काम संचालित करते हैं।
II. नहीं, धनी पर्यटकों के न आने से पर्यटन राजस्व में हानि होगी।

**4. कथन** क्या सरकार को विद्युत चालित वाहनों के प्रचलन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी देनी चाहिए? **[RRB (Group D) 2018]**
तर्क
I. हाँ, 'इससे विद्युत चालित वाहनों की बिक्री बढ़ेगी।
II. नहीं, लोगों को ऐसी किसी सब्सिडी का इंतजार ना करके उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा करने के लिए आगे आना चाहिए।

**5. कथन** क्या सरकार को दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए?
तर्क **[UP Police (Constable) 2018]**
I. हाँ, इससे भारत में दालों की कीमत कम हो जाएगी।
II. नहीं, इस निर्णय से निर्यात उद्योगों में नौकरियाँ समाप्त हो जाएँगी।

**6. कथन** क्या अन्तरजातीय विवाह को भारत में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए?
तर्क **[UP Police (Constable) 2018]**
I. हाँ, यह जाति व्यवस्था को समाप्त कर देगा।
II. नहीं, यह हमारी भारतीय परिवार प्रणाली को नष्ट कर देगा।

**7. कथन** क्या गणेश को एक नई मोटरसाइकिल खरीदनी चाहिए?
तर्क **[UPSSSC 2018]**
I. हाँ, गणेश की पुरानी मोटरसाइकिल, जिसे वह पिछले 15 सालों से अपने कार्यालय जाने के लिए उपयोग कर रहा है, उसे उस मोटरसाइकिल से आने-जाने में अक्सर परेशानी हो रही है।
II. नहीं, नई मोटरसाइकिल प्रदूषण की मौजूदा समस्या को बढ़ा देगी।

**8. कथन** क्या विदेश में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों को भारत वापस बुलाया जाना चाहिए? **[UPSSSC 2018]**
तर्क
I. हाँ, उन्हें पहले मातृभूमि की सेवा करनी चाहिए और खोजों, सम्मानों, सुविधाओं आदि के बारे में भूल जाना चाहिए।
II. नहीं, हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है उन्हें रहने दो जहाँ वे चाहते हैं।

**9. कथन** विश्व के लेखक लोगों पर अव्यक्त रूप से, सैनिकों से अधिक प्रभाव डालते हैं। **[UPSSSC 2018]**
तर्क
I. लेखक लोगों की सोच को प्रभावित करते हैं।
II. शारीरिक शक्ति के साथ कोई व्यक्ति सब को जीत सकता है।

**10. कथन** क्या शहरी क्षेत्रों के सभी विद्यालयों में शारीरिक प्रशिक्षण विषय और कक्षाएँ समाप्त कर दी जानी चाहिए? **[UPSSSC 2016]**
तर्क
I. हाँ, इसके विद्यार्थी अपने मोबाइल और टैबलेट पर गेम खेलते हैं और इससे जो समय बचेगा उसका उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर तरीके से किया जा सकता है।
II. नहीं, यह विद्यार्थियों की शारीरिक गतिविधियों, को उनके निर्माणात्मक वर्षों में कम करेगा, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, वे महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल के विकास से भी चूक जाएँगे।

**11. कथन** क्या भारत में सभी आयु की महिलाओं और लड़कियों के लिए पूरी शिक्षा मुफ्त कर दी जानी चाहिए? **[CGPSC 2019]**
तर्क
I. नहीं, यह हमारे वर्तमान सामाजिक ढाँचे को कमजोर कर देगा।
II. हाँ, भारतीय महिलाओं के गौरव को वापस लाने का यही एकमात्र रास्ता है।

12. कथन क्या दिल्ली में नए बड़े उद्योग शुरू किए जाने चाहिए?
तर्क [UP Police (Constable) 2018]
I. नहीं, इससे शहर के प्रदूषण में इजाफा होगा।
II. हाँ, यह रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

13. कथन क्या संगीत मानव जाति की सार्वभौमिक भाषा है?
तर्क [RRB (Group D) 2018]
I. हाँ, लय और मेलोडी की विशिष्ट विशेषताएँ संगीत के माध्यम से भावनाओं की मानव अभिव्यक्ति को चित्रित करने में योगदान देती हैं।
II. हालाँकि, आधार से वे मानव अभिव्यक्ति हैं, संगीत और भाषायी प्रणाली संस्कृति से संस्कृति में भिन्न होती है।

14. कथन क्या नेपाल जैसे छोटे देशों के पास रक्षा सेनाएँ नहीं होनी चाहिए?
तर्क [RRB (Group D) 2018]
I. नहीं, अन्य देश हिंसा पर भरोसा नहीं करते हैं।
II. हाँ, नेपाल के बहुत लोग शान्तिप्रिय और अहिंसा के उपदेशक हैं।

15. कथन क्या बच्चों को झूठ बोलने के लिए दण्डित किया जाना चाहिए?
तर्क [RRB (Group D) 2018]
I. हाँ, बच्चों को अनुशासित करने के लिए उनकी उम्र के हिसाब से उचित सजा देनी चाहिए।
II. नहीं, दण्ड की वजह से वांछित व्यवहार लाने की बजाए, दण्डित होने का डर पैदा हो जाता है।

16. कथन क्या विद्यालय में शिक्षा के लिए सभी को आर्थिक सहायता देनी चाहिए? [MPPSC 2015]
तर्क
I. हाँ, इससे बड़ी संख्या में लोगों को सहायता मिलेगी क्योंकि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा मध्यम और निचले वर्ग से आता है।
II. नहीं, इससे नकद से निर्बद्ध राजकोष पर बड़ा बोझ पड़ेगा।

17. भारत में जीवनकाल की दीर्घता को ध्यान में रखते हुए क्या सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए?
I. हाँ, दूसरे देशों ने पहले ही ऐसा निर्णय ले लिया है।
II. हाँ, यह लाखों कर्मचारियों की यथार्थ माँग है।

18. कथन क्या सरकारी स्कूलों में दिया जाने वाला मध्याह्न भोजन बन्द कर दिया जाना चाहिए? [UP Police (Constable) 2019]
तर्क
I. नहीं, यह वंचित बच्चों को कम-से-कम एक समय का भोजन प्रदान करता है।
II. हाँ, यह स्कूल में जाने के लिए गलत प्रोत्साहन प्रदान करे

19. क्या सरकारी और निजी कर्मचारियों के वेतनमानों को एकसमान बनाया जाना चाहिए?
I. हाँ, इससे कर्मचारी अधिक निष्ठा से काम करेंगे और अपनी नौकरी नहीं बदलेंगे।
II. नहीं, यह प्रतियोगिता की भावना को रोक देगा और अन्ततः इससे उत्पादकता और लाभप्रदता पर प्रभाव पड़ेगा।

20. क्या माँसाहारी भोजनों पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए?
I. हाँ, यह बहुत महँगा होता है और इसलिए हमारे देश के अधिकतर लोगों की पहुँच से बाहर रहता है।
II. नहीं, हमारे जैसे प्रजातान्त्रिक देश में किसी चीज पर प्रतिबन्ध नहीं लगाना चाहिए।

21. क्या सरकार को अन्तर्राष्ट्रीय खेलों पर भारी धन का खर्च बन्द कर देना चाहिए?
I. हाँ, इस धन का उपयोग गरीबों के उन्नयन में किया जा सकता है।
II. नहीं, खिलाड़ी इससे कुण्ठित हो जाएँगे और उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय एक्सपोजर नहीं मिलेगा।

22. क्या भारत में पटाखों के उत्पादन पर पूर्णतया प्रतिबन्ध होना चाहिए?
I. नहीं, यह हजारों श्रमिकों को रोजगार रहित कर देगा।
II. हाँ, पटाखा निर्माता बड़े पैमाने पर बाल श्रमिकों का इस्तेमाल करते हैं।

**निर्देश** (प्र. सं. 23-27) *प्रत्येक प्रश्न के पहले एक कथन है और उनके बाद दो तर्क क्रमशः I और II दिए गए हैं। आपको निर्णय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रभावशाली' है और कौन-सा नहीं। अपने निर्णय के आधार पर, सही विकल्प का चयन करें।* [MPPSC 2016]

उत्तर दीजिए
(a) यदि तर्क I प्रभावशाली है
(b) यदि तर्क II प्रभावशाली है
(c) यदि तर्क I और II दोनों प्रभावशाली हैं
(d) न तो तर्क I और न ही II प्रभावशाली है

23. कथन पटाखों को भारत में प्रतिबन्धित किया जाना चाहिए।
तर्क I. हाँ, क्योंकि इसके कारण गम्भीर ध्वनि और वायु प्रदूषण होता है।
II. नहीं, क्योंकि बहुत से लोग बेरोजगार हो जाएँगे।

24. कथन विद्यालय जाने वाले बच्चों को टीवी देखने से रोकना चाहिए।
तर्क I. हाँ, यह उनके समय की बर्बादी है।
II. नहीं, यह बच्चों के सामान्य ज्ञान को उन्नत करने का एक ही रास्ता है।

25. कथन भारत सरकार को मेडिकल और इन्जीनियरिंग कॉलेजों को खोलने पर समान महत्त्व देना चाहिए।
तर्क
I. हाँ, हमको एक बेहतर, डॉक्टर और रोगी का अनुपात चाहिए ताकि बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले।
II. हाँ, हमको बेहतर अर्थव्यवस्था के लिए, एक बेहतर आधारभूत ढाँचे की आवश्यकता है।

26. कथन ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन के उपयोग को प्रतिबन्धित किया जाना चाहिए।
तर्क I. हाँ, इसके कारण सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं।
II. नहीं, यह व्यापार में रूकावट डालेगा।

27. कथन क्या भारत को वैज्ञानिक अनुसंधान पर ज्यादा खर्च करना चाहिए?
तर्क
I. हाँ, वैज्ञानिक अनुसंधान से उन्नत प्रौद्योगिकी में मदद मिलती है।
II. नहीं, क्योंकि भारत को हाल के बीते समय में कोई भी नोबेल पुरस्कार नहीं मिला।

**निर्देश** (प्र. सं. 28-30) *दिए गए प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय 'प्रबल' और 'निर्बल' तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। 'प्रबल' तर्क महत्त्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। 'निर्बल' तर्क कम महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रबल' है और कौन-सा 'निर्बल' है?*

उत्तर दीजिए [IDBI (Bank Executive) 2018]
(a) केवल तर्क I प्रबल है
(b) केवल तर्क II प्रबल है
(c) या तो तर्क I और या तो तर्क II प्रबल है
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है
(e) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं

28. कथन क्या, सार्वजनिक क्षेत्र में भर्ती करो और निकालो प्रणाली को अपनाने की इजाजत देनी चाहिए।

तर्क

I. हां, इससे सार्वजनिक क्षेत्रक को काम न करने वाले कर्मचारियों को हटाने में सहायता मिलेगी और काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देने में भी मदद मिलेगी।

II. नहीं, प्रबन्धन इस प्रणाली को निष्पक्ष तरीके से लागू करने में समर्थ नहीं होगा और प्रबन्धन की उच्च शक्ति के कारण कर्मचारियों को भुगतान होगा।

**29.** कथन क्या एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के करीबी रिश्तेदार को भारत सरकार में नौकरी दी जानी चाहिए?

तर्क

I. हां, रिश्तेदार को इस तरह का काम कहाँ मिलेगा।

II. नहीं, यह सक्षम और जरुरतमन्द युवाओं के लिए सरकारी सेवा के दरवाजे बन्द कर देगा।

**30.** कथन क्या संसद के निर्वाचित सदस्यों की अवधि को दो वर्ष तक कम किया जाना चाहिए?

तर्क

I. हां, भारत में चुनाव हर एकान्तर वर्ष में आयोजित होते हैं।

II. नहीं, संसद चुनाव के हर दौर में बड़ी मात्रा में धन की जरूरत है और यह एक राष्ट्रीय बर्बादी है।

**31.** प्रश्न में एक कथन दिया गया है, जिसके आगे दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको मानना है कि कथन सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए तर्कों में से कौन-सा/कौन-से तर्क मजबूत हैं, यदि कोई हो।

**कथन** क्या सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक वर्ष का सेना का प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए? **[SSC (CGL) 2017]**

तर्क

I. नहीं, प्रशिक्षण की लागत निषेधात्मक होगी और एक वर्ष का श्रम खो जाएगा।

II. हाँ, सैन्य प्रशिक्षण नागरिकों को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है
(c) दोनों तर्क I और II मजबूत है
(d) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है

**निर्देश** (प्र. सं. 32 और 33) *महत्त्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय 'ठोस' और 'कमजोर' तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। 'ठोस' तर्क महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। 'कमजोर' तर्क कम महत्त्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं। नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद तीन तर्क, I, II तथा III दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क 'ठोस' है? और तद्नुसार अपना उत्तर देना है।*

**32.** कथन क्या सरकार को बिजली का प्रयोग प्रत्येक परिवार की जरुरत पर निर्भर करते हुए सीमित कर देना चाहिए?

तर्क

I. हाँ, इससे सरकार को बिजली के अपर्याप्त उत्पादन की समस्या को हल करने में सहायता मिलेगी।

II. नहीं, प्रत्येक नागरिक को अपनी जरुरत के हिसाब से बिजली की खपत का अधिकार है, क्योंकि वे बिजली के प्रयोग का भुगतान करते हैं।

III. नहीं, बिजली के प्रयोग की सीमा तय करने के लिए सरकार के पास मशीनरी नहीं है।

(a) केवल तर्क I ठोस है
(b) केवल तर्क II ठोस है
(c) तर्क I व II दोनों ठोस हैं
(d) तर्क II और III दोनों ठोस हैं

**33.** कथन क्या रियलिटी टीवी कार्यक्रमों में जनता का वोटिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित कर दिया जाना चाहिए?

तर्क

I. हाँ, प्रतियोगी जनता की वोटों में हेरा-फेरी कर सकता है और योग्य व्यक्ति प्रतियोगिता हार सकता है।

II. नहीं, ऐसे कार्यक्रमों के निर्णायक पक्षपात कर सकते हैं। अतः अन्तिम फैसला आम जनता के हाथ में होना चाहिए।

III. हाँ, लोग योग्यता के सिवाय अन्य कई कारणों से किसी प्रतियोगी के पक्ष में वोट कर सकते हैं। अतः जनता का मत पक्षपातपूर्ण हो सकता है।

(a) तर्क I और II दोनों ठोस हैं
(b) तर्क II और III दोनों ठोस हैं
(c) तर्क I व III दोनों ठोस हैं
(d) I, II और III सभी ठोस हैं

**34.** दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

'कहा जाता है कि बहुत सी बीमारियाँ जलजनित होती हैं। यदि हम लोग बोतल के मिनरल पानी का उपयोग करें तो यह स्वास्थ्य सम्बन्धित बीमारियों को कम कर देगा।' डॉ. पटनायक

निम्न में से कौन-सा कथन डॉ. पटनायक के कथन को कमजोर करता है? **[RBI (AM) 2017]**

I. रिपोर्ट मिली है कि आजकल बोतल का पानी भी शुद्ध नहीं रहा क्योंकि इसमें दूषित पानी मिलाया जाता है।

II. लगभग 92% लोग नल के पानी का प्रयोग करते हैं जिसके कारण फूड पाइजनिंग की समस्या होती है।

III. बोतल के मिनरल वाले पानी में, नल के पानी की तुलना में विषाक्त कण कम मात्रा में पाए जाते हैं।

IV. स्वच्छ खाने तथा पानी की अपेक्षा बिना धुली सब्जियों का प्रयोग तथा अस्वच्छ हाथों से खाने के कारण बीमारियाँ हो सकती हैं।

(a) I तथा IV
(b) II तथा III
(c) केवल I
(d) I, III तथा IV
(e) दिए गए सभी विकल्प

**35.** दी गई जानकारी को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

कम्पनी Z तथा कम्पनी F ने पिछले वर्ष समान उच्चकोटि की कारों का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त छह माह बाद यह पाया गया कि कम्पनी Z द्वारा निर्मित कारों की प्रसिद्धि आसमान छू रही है, जबकि कम्पनी F द्वारा निर्मित कारों की बिक्री नहीं हो रही है।

**प्रबन्धक X** हमारी कार के सफल न होने का मुख्य कारण उसकी कीमत है। यदि हमारी कार की कीमत थोड़ी-सी कम होती, तो हमारी कारों की बिक्री कम्पनी Z द्वारा निर्मित कारों से अच्छी होती।

निम्न मे से कौन-सा प्रबन्धक X के कथन को कमजोर करता है? **[NABARD (AM) 2016]**

(a) एक्सपर्ट का सुझाव है कि सदैव जनसंख्या के एक विशेष खण्ड की कार के आरम्भ से पहले समीक्षा की जानी चाहिए तथा इसके बाजार में आ जाने के कुछ समय बाद ही इसको खरीदना चाहिए
(b) कम क्षमता वाले खरीदारों के साथ यह समस्या रहती है कि वह केवल दो एयरबैग वाली कार ही खरीद सकते हैं, जबकि कम्पनी F द्वारा निर्मित कारों में छह एयरबैग हैं
(c) पिछले दो वर्षों के दौरान, कम्पनी F द्वारा बनाई गई सभी कारों की तुरन्त रिपेयर तथा रख-रखाव ने कम्पनी को एक नया आयाम दिया है
(d) यद्यपि कम्पनी F द्वारा निर्मित कारें सीमित रंगों में हैं, तथापि मालिक उन्हें अपनी पसन्द के रंगों के लिए बनाने के लिए कह रहे हैं
(e) कम्पनी F द्वारा कुछ वर्ष पहले बाजार में उपस्थित कारों से कम मूल्य की कारों का आरम्भ किया गया था तथा वह बहुत अच्छा कार्य कर रही है

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (b) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (a) | 7. (a) | 8. (c) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (c) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (c) | 15. (d) | 16. (a) | 17. (c) | 18. (a) | 19. (b) | 20. (b) |
| 21. (b) | 22. (a) | 23. (c) | 24. (d) | 25. (c) | 26. (a) | 27. (a) | 28. (a) | 29. (b) | 30. (b) |
| 31. (a) | 32. (a) | 33. (b) | 34. (a) | 35. (c) | | | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** (a) कथन में हस्ताक्षर को ऑटोग्राफ में बदलने का अर्थ अपनी पहचान बनाने से है। अतः कथनानुसार तर्क I प्रभावशाली है जबकि तर्क II के विषय में कथन में कुछ नहीं कहा गया है।

**2.** (a) तर्क I कथन के सम्बन्ध में मजबूत है। मच्छरों के उत्पन्न होने से, बचने हेतु हमें गन्दे और रुके पानी को हटा देना चाहिए। हमें मच्छर प्रतिरोधी तथा अन्य ऐसे ही संसाधनों का उपयोग मच्छरों के काटने से बचने के लिए करना चाहिए।

**3.** (b) यदि भारत में सात सितारा होटलों पर प्रतिबन्ध लगाया गया, तो धनी पर्यटक भारत नहीं आएँगे और उनके न आने से पर्यटन राजस्व में हानि होगी। अतः तर्क II मजबूत है। तर्क I मजबूत नहीं है, क्योंकि कुछ अपराधियों के कारण सभी सात सितारा होटलों पर प्रतिबन्ध लगाना तर्क संगत नहीं है।

**4.** (a) केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि विद्युत चालित वाहनों के प्रचलन को बढ़ाने के लिए सब्सिडी देने पर विद्युत चालित वाहनों की बिक्री बढ़ेगी।

**5.** (a) तर्क I मजबूत है क्योंकि यदि दालों का निर्यात बन्द हो जाता है, तब हमारे देश में दालों के भण्डार में वृद्धि हो जाएगी। जिसके परिणामस्वरूप इसकी कीमतों में गिरावट आ जाएगी।

तर्क II मजबूत नहीं है क्योंकि कथन में दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने की बात कही गई है न कि सम्पूर्ण निर्यात पर और केवल दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने से निर्यात उद्योग में नौकरियाँ कैसे समाप्त हो जाएँगी।

**6.** (a) केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि अन्तरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने से जाति व्यवस्था समाप्त हो सकती है।

**7.** (a) प्रश्नानुसार, केवल तर्क I मजबूत है। चूँकि गणेश को परिवहन में समस्या हो रही है, जिसका मुख्य कारण उसकी पुरानी मोटरसाइकिल है। अतः उसे नई मोटरसाइकिल खरीद लेनी चाहिए।

**8.** (c) विदेश में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों को भारत वापस बुलाया जाना चाहिए इसका कोई वैध कारण तर्क I प्रस्तुत नहीं करता है और तर्क II भी मजबूत नहीं है। अतः दोनों तर्क अनुसरण नहीं करेंगे।

**9.** (a) विश्व के लेखक लोगों पर अव्यक्त रूप से, सैनिकों से अधिक प्रभाव डालते हैं अर्थात् वे लोगों की सोच को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार तर्क I मजबूत है जबकि तर्क II मजबूत नहीं है।

**10.** (b) शहरी क्षेत्रों के सभी विद्यालयों मे शारीरिक प्रशिक्षण विषय और कक्षाएँ समाप्त नही करनी चाहिए क्योंकि विद्यार्थियों की शारीरिक गतिविधियों को उनके निर्माणात्मक वर्षों मे कम करेगा, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो सकती है। साथ ही, वे महत्त्वपूर्ण कौशल के विकास से भी चूक जाएँगे।

**11.** (c) मुफ्त शिक्षा उन महिलाओं या लड़कियों के लिए आवश्यक है, जो आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों से हैं। इसलिए मुफ्त शिक्षा आर्थिक आधार पर होनी चाहिए। केवल मुफ्त शिक्षा से महिलाओं का गौरव वापस नहीं आएगा।

**12.** (b) किसी भी शहर में उद्योग के शुरू होने से वहाँ के स्थानीय लोगों को अच्छे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। अतः दिल्ली में बड़े उद्योग शुरू होने से वहाँ के आस-पास के लोगो को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**13.** (a) तर्क I में कहा गया है कि हाँ, लय और मेलोडी की विशिष्ट विशेषताएँ संगीत के माध्यम से भावनाओं की मानव अभिव्यक्ति को चित्रित करने में योगदान देती हैं। अतः तर्क I मजबूत है।

**14.** (c) कथनानुसार, यह प्रश्न उठाया गया है कि नेपाल जैसे छोटे देश के पास सेना होनी चाहिए या नहीं। दिए गए तर्क में से कोई भी तर्क इस प्रश्न का सटीक उत्तर नहीं दे पा रहा है, इसलिए न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**15.** (d) तर्क I मजबूत है क्योंकि यदि बच्चे को झूठ बोलने के लिए उसकी उम्र के हिसाब से दण्ड दिया जाएगा, तो बच्चे को सबक मिलेगा कि उसको उसके द्वारा की गई गलती के लिए दण्ड मिला है, तो उसे भविष्य में गलती नहीं करनी है।

तर्क II भी मजबूत है क्योंकि बच्चे के मन में दण्डित होने पर डर पैदा हो जाएगा और बच्चे के मन में डर बैठना सही नहीं है।

**16.** (a) विद्यालय में सभी को शिक्षा के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता मिलनी ही चाहिए, क्योंकि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा निचले और मध्यम वर्ग से सम्बन्धित है। ऐसा करने से बड़ी संख्या में लोगों को सहायता मिलेगी। अतः केवल तर्क I प्रभावशाली है।

**17.** (c) तर्क I निर्बल है क्योंकि इसमें तुलनात्मक दृष्टिकोण का बोध होता है। तर्क II भी निर्बल ही होगा क्योंकि लाखों लोग किसी चीज की माँग कर रहे हों, तो उसे मान लेना चाहिए। ये कदाचित् न्यायपूर्ण नहीं है इस प्रकार लोग एकता में होकर गलत माँगे भी पूरी करवाने लगेंगे, अतः दोनों तर्क असंगत हैं।

**18.** (a) कथनानुसार, केवल तर्क I प्रबल है क्योंकि सरकारी स्कूलों में दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन को बन्द करने से वंचित बच्चों के पोषण स्तर पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा जबकि तर्क II अतार्किक है। अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**19.** (b) तर्क I असंगत है क्योंकि वेतनमानों को एकसमान बनाने से यह जरूरी नहीं है कि कर्मचारी अधिक निष्ठा से काम करेंगे। तर्क II प्रबल है क्योंकि वेतनमान समान करने से उत्पादन के साथ-साथ प्रशासकीय ढाँचा भी समाप्त हो जाएगा।

**20.** (b) प्रजातान्त्रिक देशों में लोगों को अपनी पसन्द का भोजन करने की स्वतन्त्रता होती है। इसलिए प्रजातान्त्रिक देशों में माँसाहारी भोजन खाने पर प्रतिबन्ध नहीं लगाया जा सकता है।

**21.** (b) तर्क I असंगत है क्योंकि खेलों पर खर्च बन्द कर देने मात्र से गरीबों का उत्थान नहीं हो सकता। इसके लिए अन्य उपाय सम्भव है, जबकि खेलों पर खर्च बन्द होने से खिलाड़ी कुण्ठित हो जाएँगे।

**22.** (a) केवल तर्क I ठोस है क्योंकि पटाखों के उत्पादन पर प्रतिबन्ध लगाने पर यह हजारों श्रमिकों को रोजगार रहित कर देगा, जबकि यह पूर्णतया सत्य नहीं है कि पटाखा निर्माता बड़े पैमाने पर बाल श्रमिकों का इस्तेमाल ही करते हैं।

**23.** (*c*) पटाखों में प्रयुक्त होने वाले हानिकारक तत्वों एवं विस्फोटक पदार्थों से गम्भीर ध्वनि एवं वायु प्रदूषण होता है। इसलिए इन्हें प्रतिबन्धित किया जाना चाहिए लेकिन इसके कारण पटाखे फैक्ट्री में काम करने वाले कई लोग बेरोजगार भी हो जाएँगे।
अतः दोनों ही तर्क प्रभावशाली हैं।

**24.** (*d*) टीवी मनोरंजन का एक साधन है, जो बच्चों के मानसिक विकास में सहायक है। बच्चों के सामान्य ज्ञान को उन्नत करने के लिए टीवी के अतिरिक्त अन्य कई संसाधन हैं, जैसे—समाचार-पत्र, पत्रिकाएँ, रेडियो इत्यादि।

**25.** (*c*) चूँकि भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या इन्जीनियरिंग कॉलेजों से कम है, इसलिए डॉक्टरों की संख्या और रोगियों की संख्या का अनुपात बेहतर नहीं है। इस अनुपात को बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार को मेडिकल कॉलेजों और इन्जीनियरिंग कॉलेजों को खोलने पर समान महत्त्व देना चाहिए। साथ ही इससे भारत की अर्थव्यवस्था भी बेहतर होगी।
अतः दोनों तर्क प्रभावशाली हैं।

**26.** (*a*) ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग ड्राइविंग से ध्यान हटा देता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं। इसलिए ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन के उपयोग को प्रतिबन्ध कर देना चाहिए। अतः तर्क I प्रभावशाली है, जबकि तर्क II प्रभावशाली नहीं है।

**27.** (*a*) वैज्ञानिक अनुसंधान से उन्नत प्रौद्योगिक में मदद मिलती है इसलिए भारत को वैज्ञानिक अनुसंधान पर ज्यादा खर्च करना चाहिए। अतः तर्क I प्रभावशाली है जबकि तर्क II प्रभावशाली नहीं है।

**28.** (*a*) 'भर्ती करो और निकालो' प्रणाली में अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों की प्रोन्नति तथा काम न करने वाले कर्मचारियों को बाहर निकालना होता है। इस प्रणाली से अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा सार्वजनिक क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ेगी।
अतः केवल तर्क I प्रबल है।

**29.** (*b*) केवल तर्क II प्रबल है। क्योंकि ऐसा करने में सक्षम और जरूरतमन्द युवाओं के लिए सरकारी सेवा के दरवाजे बन्द हो जाएँगे।

**30.** (*b*) केवल तर्क II प्रबल है। क्योंकि संसद चुनाव के हर दौर में एक बड़ी मात्रा में धनराशि की आवश्यकता होती है, जो एक राष्ट्रीय बर्बादी है।

**31.** (*a*) कथनानुसार सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक वर्ष का सेना का प्रशिक्षण अनिवार्य करने से ज्यादा लाभ नहीं होगा, साथ ही प्रशिक्षण की लागत निषेधात्मक होगी एवं नागरिकों का एक वर्ष का श्रम बेकार हो जाएगा। नागरिकों को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उन्हें सैन्य प्रशिक्षण दिया ही जाए।
अतः केवल तर्क I मजबूत है।

**32.** (*a*) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि इससे सरकार को बिजली के उत्पादन की समस्या को हल करने में मदद मिलेगी।

**33.** (*b*) तर्क II और III दोनों ठोस हैं, क्योंकि निर्णायक पक्षपात कर सकते हैं। अतः अन्तिम फैसला जनता के हाथ में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों से भी लोग प्रतियोगी के पक्ष में वोट डाल सकते हैं, इसलिए जनता का मत पक्षपातपूर्ण हो सकता है।

**34.** (*a*) बहुत सी बीमारियाँ जल के द्वारा फैलती हैं। जिन्हें संक्रामक रोग कहा जाता है। यदि हम शुद्ध पानी का उपयोग करें, तो हम इन बीमारियों को कम कर सकते हैं। इन कथनों के आधार पर भारत के 92% लोगों को अस्वच्छ जल के उपयोग के कारण फूड पाइजनिंग की समस्या होती है। बोतल के मिनरल वाले पानी में किसी प्रकार की अशुद्धि नहीं होती है, जिसके कारण बोतल का पानी नल के पानी की तुलना में अच्छा है।
अतः दिए गए कथन को तर्क I और IV कमजोर करते हैं।

**35.** (*e*) कम्पनी F द्वारा कुछ वर्षों पहले, बाजार में उपस्थित कारों से कम मूल्य की कारों को आरम्भ किया गया था तथा वह बहुत अच्छा कार्य कर रही है। यही कथन प्रबन्धक X के कथन को कमजोर करता है।